भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 904**

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

**तमिलनाडु में आंगनवाड़ी केंद्र**

**904. कुमारी सुधा आर :**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि -:

(क) तमिलनाडु में आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री और आंगनवाड़ी (एडब्ल्यूडब्ल्यू) वार कुल संख्या कितनी है-सहायिका दोनों की कुल जिला;

राज्य में केवल आंगनवाड़ी (ख)कार्यकर्त्री वाली कुल आंगनवाड़ी केंद्रों की जिलावार संख्या -क्या है;

(ग) राज्य में जिलावार कुल कितने आंगनवाड़ी केंद्रों के पास स्वयं का पक्का भवन-, शौचालय, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, खेल का मैदान और खाना पकाने की सुविधा है; और

(घ) आंगनवाड़ियों में बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं किए/जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी क्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**महिला एवं बाल विकास मंत्री**

**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

(क) और (ख) तमिलनाडु राज्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री (एडब्ल्यूडब्ल्यू) और आंगनवाड़ी सहायिका (एडब्ल्यूएच) दोनों वाले आंगनवाड़ी केंद्रों का ब्यौरा तथा केवल आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या (जिलावार) अनुलग्नक-। में दी गई है।

(ग) तमिलनाडु राज्य में अपने स्वयं के पक्के भवन, शौचालय, पेयजल, बिजली आपूर्ति, खेल के मैदान और खाना पकाने की सुविधाओं वाले आंगनवाड़ी केंद्रों का ब्यौरा (जिलावार) अनुलग्नक ॥ में दिया गया है।

(घ) बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए इस मंत्रालय ने आंगनवाड़ी केन्द्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं/कई पहल की है। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत प्रति वर्ष 40,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों की दर से सरकारी भवनों में स्थित 2 लाख आंगनवाड़ी केन्द्रों को बेहतर पोषण प्रदायगी और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख तथा शिक्षा (ईसीसीई) के लिए सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में उन्नत किया जाना है। सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों को पारंपरिक आंगनवाड़ी केन्द्रों की तुलना में बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाना है, जिसमें इंटरनेट/वाई-फाई कनेक्टिविटी, एलईडी स्क्रीन, वाटर प्यूरीफायर/आरओ मशीन की स्थापना, पोषण वाटिका, ईसीसीई पुस्तकें और शिक्षण सामग्री आदि को उपलब्ध कराना शामिल हैं।

इसके अलावा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निरंतर संपर्क/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सलाह दी गई है कि आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों/महिलाओं के लिए अलग बैठक कक्ष, अलग रसोईघर, खाद्य सामग्री के भंडारण के लिए स्टोर, बच्चों के अनुकूल शौचालय और बच्चों के खेलने के लिए स्थान (इनडोर और आउटडोर गतिविधियां) के साथ सुरक्षित पेयजल की सुविधा होनी चाहिए।

मंत्रालय ने आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पेयजल सुविधाओं के निर्माण की लागत बढ़ाकर 17,000 रुपये तथा शौचालयों के निर्माण की लागत बढ़ाकर 36,000 रुपये कर दी है।

सरकार ने दिनांक 10 मई, 2023 को पोषण भी पढ़ाई भी (पीबीपीबी) पहल शुरू की है, जिसका लक्ष्य आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को कौशल प्रदान करना है ताकि वे छह साल से कम उम्र के बच्चों को बचपन में देखरेख और शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें पोषण सेवा प्रदान करने की क्षमता विकसित कर सकें। पीबीपीबी के तहत इस मंत्रालय ने "नवचेतना- जन्म से तीन साल तक के बच्चों के लिए बचपन में देखरेख और शिक्षा के लिए राष्ट्रीय रूपरेखा" और "आधारशिला- तीन से छह साल तक के बच्चों के लिए बचपन में देखरेख और शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम" शुरू किया है।

मंत्रालय ने तमिलनाडु राज्य सहित देश भर के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को इस योजना के तहत ईसीसीई घटक को मजबूत करने के लिए सभी मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों को मुख्य आंगनवाड़ी केंद्रों में उन्नत करने के निर्देश भी जारी किए हैं।

*******

**दिनांक 26.07.2024 को उत्तर के लिए "तमिलनाडु में आंगनवाड़ी केंद्र" के संबंध में कुमारी सुधा आर. द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 904 के भाग (क और ख) का अनुलग्नक ।**

**अनुलग्नक ।**

(पोषण ट्रैकर आंकड़े के अनुसार)

| **तमिलनाडु राज्य के जिले** | **जिन आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री और आंगनवाड़ी सहायिका दोनों हैं** | **जिन आंगनवाड़ी केन्द्रों में केवल आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री है** |
|---|---|---|
| अरियालूर | 591 | 183 |
| चेंगलपट्टू | 918 | 349 |
| चेन्नई | 1090 | 716 |
| कोयंबटूर | 1093 | 604 |
| कुड्डालोर | 1416 | 607 |
| धर्मपुरी | 764 | 572 |
| डिंडीगुल | 1386 | 649 |
| इरोड | 1540 | 496 |
| कल्लाकुरिची | 938 | 224 |
| कांचीपुरम | 649 | 291 |
| कन्याकूमारी | 1112 | 289 |
| करूर | 644 | 408 |
| कृष्णागिरी | 1099 | 696 |
| मदुरै | 1280 | 721 |
| माइलादुत्रयी | 474 | 218 |
| नागपट्टिनम | 440 | 193 |
| नमक्कल | 1150 | 449 |
| पेरम्बलुर | 383 | 107 |
| पुदुक्कोट्टई | 1109 | 690 |
| रामनाथपुरम | 902 | 552 |
| रानीपेट | 621 | 335 |
| सलेम | 1906 | 791 |
| शिवगंगा | 900 | 652 |
| तेनकासी | 942 | 359 |

| | | |
|---|---|---|
| तंजावुर | 1211 | 538 |
| नीलगिरि | 368 | 118 |
| थेनी | 678 | 387 |
| तिरुवल्लुर | 1402 | 354 |
| थिरुवरुर | 887 | 373 |
| तिरुचिरापल्ली | 1236 | 613 |
| तिरुनेलवेली | 902 | 359 |
| तिरुपथुर | 633 | 336 |
| तिरुपूर | 1175 | 337 |
| तिरुवन्नामलाई | 1487 | 640 |
| तूतीकोरिन | 1172 | 333 |
| वेल्लोर | 657 | 418 |
| विल्लुपुरम | 1370 | 407 |
| विरुधुनगर | 1188 | 316 |
| **कुल** | **37713** | **16680** |

**दिनांक 26.07.2024 को उत्तर के लिए "तमिलनाडु में आंगनवाड़ी केंद्र" के संबंध में कुमारी सुधा आर. द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 904 के भाग (ग) का अनुलग्नक।**

**अनुलग्नक II**

तमिलनाडु राज्य में अपने स्वयं के पक्के भवन, शौचालय, पेयजल, बिजली आपूर्ति, खेल का मैदान और खाना पकाने की सुविधा वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या:

(पोषण ट्रैकर आंकड़ें के अनुसार)

| तमिलनाडु राज्य के जिले | स्वयं के पक्के भवन युक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या | शौचालय युक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या | पेयजल सुविधा युक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या | बिजली आपूर्ति युक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या | खेल के मैदान युक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या | खाना पकाने की सुविधा युक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अरियालूर | 522 | 379 | 429 | 696 | 92 | 672 |
| चेंगलपट्टू | 947 | 1162 | 1266 | 1248 | 488 | 1159 |
| चेन्नई | 1698 | 1789 | 1806 | 1800 | 621 | 1762 |
| कोयंबटूर | 1417 | 1628 | 1696 | 1673 | 814 | 1655 |
| कुड्डालोर | 1629 | 1708 | 1890 | 1994 | 579 | 1983 |
| धर्मपुरी | 1043 | 1077 | 554 | 1203 | 543 | 1206 |
| डिंडीगुल | 1626 | 1366 | 1343 | 1884 | 449 | 1890 |
| इरोड | 1487 | 1701 | 1997 | 1905 | 622 | 1770 |
| कल्लाकुरिची | 736 | 771 | 1162 | 1099 | 222 | 1066 |
| कांचीपुरम | 829 | 862 | 891 | 931 | 322 | 914 |
| कन्याकूमारी | 830 | 1401 | 1401 | 1400 | 449 | 1376 |
| करूर | 692 | 778 | 938 | 963 | 276 | 866 |
| कृष्णागिरी | 1305 | 1154 | 1316 | 1428 | 495 | 1521 |
| मदुरै | 1397 | 1603 | 1806 | 1939 | 322 | 1802 |
| माइलादुत्रयी | 528 | 495 | 445 | 620 | 79 | 607 |
| नागपट्टिनम | 485 | 463 | 323 | 617 | 158 | 590 |
| नमक्कल | 1091 | 1403 | 1498 | 1412 | 425 | 1494 |
| पेरम्बलुर | 430 | 472 | 490 | 485 | 196 | 484 |
| पुदुक्कोट्टई | 1369 | 1053 | 1264 | 1617 | 514 | 1683 |
| रामनाथपुरम | 835 | 1055 | 780 | 1246 | 343 | 1182 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रानीपेट | 693 | 812 | 579 | 915 | 220 | 852 |
| सलेम | 1899 | 1798 | 1973 | 2493 | 678 | 2472 |
| शिवगंगा | 1169 | 1398 | 1342 | 1423 | 355 | 1387 |
| तेनकासी | 966 | 1296 | 1294 | 1282 | 229 | 1300 |
| तंजावुर | 1257 | 1317 | 1526 | 1592 | 617 | 1579 |
| नीलगिरि | 418 | 478 | 486 | 479 | 205 | 478 |
| थेनी | 693 | 833 | 804 | 990 | 155 | 989 |
| तिरुवल्लुर | 1318 | 1253 | 1649 | 1494 | 511 | 1655 |
| थिरुवरुर | 822 | 1096 | 1067 | 1217 | 337 | 1123 |
| तिरुचिरापल्ली | 1566 | 1697 | 1847 | 1822 | 552 | 1806 |
| तिरुनेलवेली | 976 | 1259 | 1260 | 1255 | 281 | 1261 |
| तिरुपथुर | 702 | 714 | 443 | 882 | 128 | 781 |
| तिरुपूर | 1257 | 1408 | 1482 | 1426 | 501 | 1411 |
| तिरुवन्नामलाई | 1712 | 1907 | 1972 | 2083 | 445 | 2052 |
| तूतीकोरिन | 983 | 1401 | 1481 | 1481 | 312 | 1433 |
| वेल्लोर | 746 | 904 | 854 | 1059 | 205 | 964 |
| विल्लुपुरम | 1376 | 1306 | 1660 | 1724 | 541 | 1601 |
| विरुधुनगर | 1231 | 1292 | 1415 | 1457 | 218 | 1449 |
| **कुल** | **40680** | **44489** | **46429** | **51234** | **14499** | **50275** |

*****